हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री


11 नगरी में सिंचाई विभाग की जमीन के दुरुस्तीकरण...



12 धूमधाम से मना बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव




## खबर संक्षेप

### भोयना स्कूल में संकुल स्तरीय बाल मेला 14 को

**धमतरी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत 14 नवम्बर को संकुल केन्द्र भोयना में प्राथमिक स्तर पर एफएलएन मेला फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी तथा माध्यमिक एवं हाईस्कूल स्तर पर बाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ भी हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य होंगी। अध्यक्षता श्रीमती अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि कैलाश देवांगन, श्रीमती पारथी ध्रुव, अशोक देवांगन, श्रीमती पूनम साहू, शिवनाथ खुंटे, अंजलि ध्रुव होंगे।

### अग्निवीर सैन्य भर्ती सेमिनार 17 को



**धमतरी।** आगामी जनवरी माह में प्रस्तावित सैन्य भर्ती को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन धमतरी द्वारा युवाओं के मार्गदर्शन एवं जागरूकता के उद्देश्य से अग्निवीर सैन्य भर्ती से संबंधित सेमिनार का आयोजन 17 नवम्बर को दो पालियों में होगा। प्रथम पाली का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा, जबकि द्वितीय पाली का आयोजन सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आगामी सैन्य भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु शारीरिक प्रशिक्षण, चिकित्सीय परीक्षण तथा अंकों के निर्धारण प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर पीयूष तिवारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका या भ्रम का समाधान सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

### शुल्क जमा कर पंजीयन कराने के निर्देश

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अनुसार स्नातक स्तर के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं जो वार्षिक परीक्षा 2026 की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे 15 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आवश्यक शुल्क जमा कर अनिवार्य रूप से पंजीयन करा लें।

### लेखा प्रणाली पर सेमिनार आज

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में विधि भाग-दो (सेमेस्टर प्रथम) सत्र 2025-26 में प्रवेशित एवं नियमित विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक नैतिकता एवं व्यावसायिक लेखा प्रणाली अंतर्गत अधिवक्ता अधिनियम 1961 का एक सामान्य अध्ययन विषय पर सेमिनार 13 नवंबर को प्रातः 11 बजे रखा गया है। विद्यार्थियों को ड्रेस कोड में आना अनिवार्य है।

### ऋण वसूली शिविर 26 को

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने के लिए 26 नवंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि यह शिविर जनपद पंचायत भवन मगरलोड में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आयोजित शिविर में ऋणी हितग्राहियों को ऋण की किस्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करने कहा एवं दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए ऋण की सम्पूर्ण बकाया राशि समय पर अदा करने कहा है।

कलेक्टोरेट में किया जोरदार प्रदर्शन, प्रदेशभर से सहकारी कर्मचारी हुए शामिल, उप पंजीयक को निलंबित करने की मांग

# आंदोलन को तोड़ने की कोशिश से भड़का कर्मचारियों का आक्रोश

■ धान खरीदी के लिए शासन ने की वैकल्पिक व्यवस्था, तय तिथि में ही होगा धान खरीदी का श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





सहकारी कर्मचारियों का आंदोलन उग्र रूप ले रहा है। बुधवार को उन्होंने कलेक्टोरेट में जोरदार प्रदर्शन किया। उधर शासन ने सहकारी कर्मचारियों की मांग को सिरे से नकार दिया है। धान खरीदी केंद्रों में अन्य अधिकारियों को नोडल नियुक्त कर धान खरीदी शुरू करने की तैयारी है। गुरुवार को इन अधिकारियों को लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने 3 नवंबर से छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ संविदा कम्प्यूटर आपरेटर महासंघ के बैनरतले अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। इस आंदोलन का नेतृत्व धमतरी से हो रहा है। धान खरीदी से पहले उनके आंदोलन को तोड़ने के लिए नेतृत्वकर्ता नरेंद्र साहू के खिलाफ एफआईआर करवाने के लिए सहकारिता विभाग के उपपंजीयन ने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को पत्र लिखा। इससे कर्मचारियों का आंदोलन और भड़क उठा। बुधवार को प्रदेशभर के सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने धमतरी कलेक्टोरेट में जोरदार प्रदर्शन किया। पहले कर्मा माता चौक में उन्होंने सभा का आयोजन किया। इसके बाद पैदल रैली निकालकर वे कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां पर नारेबाजी करते हुए उन्होंने उपपंजीयक को निलंबित करने की मांग की। अधिकांश प्रदर्शनकारियों ने नरेंद्र साहू का मुखौटा पहन रखा था हाथों में तख्ती लिए हुए थे, जिसमें लिखा था मैं नरेंद्र साहू हूं, मुझे गिरफ्तार करो। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे अपनी बात को शांतिपूर्वक ढंग से शासन के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन शासन के नुमाइंदों द्वारा उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे ही एक नोटिस जारी किए जाने से आमदी के प्रबंधक नारायण साहू की आकस्मिक मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अब 33 जिलों में आंदोलन का नेतृत्व करने वालों के खिलाफ एफआईआर करवाने के निर्देश जारी करने की तैयारी चल रही है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि वे भी किसान के बेटे हैं। धान खरीदी में आ रही बाधा से किसानों को जो परेशानी हो रही है, उसे समझ रहे हैं। शासन को भी समझना चाहिए। धान में सूखत आना स्वाभाविक प्रक्रिया है। इसे समितियों को सौंपा जाना जायज नहीं है। समिति किसानों की है। सूखत से किसानों को ही नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है, उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने उपपंजीयक को निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि उपपंजीयक को निलंबित नहीं किया जाता है तो वे नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर प्रदर्शन करेंगे।

प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास राजनांदगांव, कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू दुर्ग, उपाध्यक्ष गिरधर सोनी दुर्ग, ऑपरेटर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे गरियाबंद, संरक्षक संतोष साहू बालोद, कांकेर से भूपत सिंह, नरेंद्र सिंह सहित प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे।

### नहीं रूकेगी धान की खरीदी

सहकारी कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए शासन-प्रशासन ने धान खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर ली है। इस व्यवस्था अंतर्गत समिति कर्मचारियों के स्थान पर राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों को अस्थायी रूप से समिति प्रबंधक का प्रभार सौंपकर धान उपार्जन का कार्य संपादित किया जाएगा। केंद्रवार प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सभी नियुक्त प्रभारी अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 नवम्बर को दोपहर 12 बजे लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में रखा गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण में भाग लें, ताकि आगामी धान उपार्जन कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न किया जा सके।

### पहले दिन सिर्फ पूजा पाठ

धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी। इस दिन शनिवार पड़ रहा है। ऐसे में पहले दिन धान खरीदी केंद्रों में पूजा पाठ कर औपचारिक रूप से धान खरीदी का शुभारंभ किया जाएगा। सोमवार से धान खरीदी की रफ्तार पकड़ेगी। अब तक टोकन जारी करना शुरू नहीं किया गया है। प्रशिक्षण के बाद टोकन जारी करना भी शुरू कर दिया जाएगा।

# एक लाख किसानों को सम्मान निधि का इंतजार

■ पिछली किस्त 2 अगस्त को जारी हुई थी, 99 हजार 776 किसान हुए थे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


फाइल फोटो

जिले के एक लाख से ज्यादा किसानों को किसान सम्मान निधि मिलेगी। सम्मान निधि इस माह में जारी की जा सकती है। पिछली किस्त 2 अगस्त को जारी की गई थी, जिसमें जिले के 99 हजार 776 किसानों को लाभ मिला था।

किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा हर साल किसानों के बैंक खातों में 6000 रुपए डाले जाते हैं। यह सहायता चार माह के अंतराल में 2000 हजार रुपए की किस्त के रूप में दी जाती है। अब तक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 20 किस्त दी जा चुकी है। अंतिम किस्त 1 माह विलंब से 2 अगस्त को डाली गई थी, जिसमें जिले के 77 हजार 776 किसानों को 2.02 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। अब 21 वीं किस्त नवंबर में दिए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार कुछ दिन के भीतर किसानों के खात में सम्मान निधि डाल दी जाएगी। खास बात यह है कि इस बार किसानों की संख्या बढ़ी हुई है। इस योजना के तहत जिले के 1 लाख 5 हजार 923 किसान पंजीकृत हैं। इन सभी किसानों को पीएम सम्मान निधि मिलने की उम्मीद है।

### किसानों को मिलेगी राहत

किसान युवराज शर्मा, महेश मेश्राम ने बताया कि इस साल धान की खेती में लागत काफी अधिक आई है। ऐसे में खेती के अंतिम चरण में मिंजाई कटाई में किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। धान खरीदी भी संदेह के घेरे में है। ऐसे में किसान सम्मान निधि की राशि से उन्हें काफी राहत मिल सकती है। कटाई-मिंजाई में मजदूरी भुगतान करने में यह राशि काम आ सकती है।

# सिर पर हंसिया से हमला, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अज्ञात कारणों से नशे में धुत एक दोस्त ने अपने ही दूसरे दोस्त पर हंसिया से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय बांसपारा निवासी आशीष यादव पिता श्रीराम उम्र 20 वर्ष बुधवार की दोपहर अपने एक दोस्त के साथ बांसपारा वार्ड में स्थित सुलभ शौचालय के पास खड़ा था। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि नशे में धुत उसके दोस्त ने तैश में आकर आशीष के सिर पर हंसिया से ताबड़तोड़ हमलाकर दिया। हमले से आशीष के सिर पर पांच जगह गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल घर लौट गया। हमलावर आरोपी का नाम प्रिंस नेताम बताया जा रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच घटनास्थल की जांच में जुट गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि घायल व आरोपी के बीच गहरी दोस्ती थी। दोनों के मध्य किसी प्रकार की कोई रंजिश नहीं थी लेकिन नशे की हालत में बातोंबात में विवाद बढ़ता चला गया और एक दोस्त ने दूसरे पर हंसिया से हमला कर दिया।

# छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में कक्षा 12वीं का छात्र था

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र ने अज्ञात कारणों से छात्रावास के अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार हिमांशु नेताम पिता नीलमणि उम्र 17 वर्ष ग्राम भालुचुआ थाना मगरलोड निवासी केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रीडीह में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय में रहकर कक्षा 12वी कीं पढ़ाई कर रहा था। छात्र ने मंगलवार की शाम सिलिंग पंखा में फंदा बना फांसी लगा ली। जानकारी होने पर शिक्षकों ने छात्र को जीवित होने के अंदेशा के चलते फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। डॉक्टर ने छात्र को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। छात्र के पिता नीलमणि नेताम ने मीडिया को बताया कि इस प्रकार की घटना कई सवालों को जन्म देती है। आखिर बच्चा किसी स्थिति से गुजर रहा था। क्या विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों की मानसिक स्थिति पर ध्यान नहीं दिया जाता। वहां पर किसी तरह की परेशानी थी जिसे बच्चा बता नहीं पाया। इस पर सूक्ष्मता से जांच होनी चाहिए।

इस मामले में स्कूल के प्राचार्य नीरज त्यागी ने मीडिया को बताया कि कक्षा 12वीं के छात्र ने 11 नवंबर की शाम लगभग 7.30 बजे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। वह कक्षा 11वीं का टॉपर छात्र था। अभी 12वीं में जो भी परीक्षा हुई, उसमें अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुआ था। वह व्हालीबॉल का प्लेयर होने के साथ साथ हारमोनियम भी अच्छा बजा लेता था। इस घटना से सभी स्तब्ध हैं। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। कलेक्टर ने इस घटना के लिए जांच समिति गठित की है।

# युवक ने की आत्महत्या, परिजनों ने मृतक की इच्छा के अनुरूप नेत्रों का किया दान

■ टिकरापारा वार्ड की घटना, मानव के कल्याण के लिए साहसिक व भावुक फैसला लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं परिवारवालों ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम से पहले नेत्रदान करने का भावुक फैसला लेते हुए मृतक के नेत्रों का दान किया।

कोतवाली थाना क्षेत्र के रिसाईपारा से एक दुखद घटना सामने आई है। अपने जवान बेटे के आत्महत्या कर लेने से सदमे में डूबे वाधवानी परिवार ने मानव के कल्याण के लिए शोकाकुल हालत में भी साहसिक व भावुक फैसला लेते हुए अपने मृतक बेटे के नेत्रों का दान कर दिया। घटना बुधवार की दोपहर की है। स्थानीय रिसाईपारा निवासी सोयम वाधवानी पिता विजय उम्र 20 वर्ष ने 12वीं तक की पढ़ाई की है। पिता नयापारा वार्ड में पशु आहार की दुकान चलाता है। बुधवार की दोपहर युवक ने अपने घर के बरामदे में लगे शेड के लोहे के पाइप में नायलोन रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी होने पर परिजन व मोहल्लेवासी युवक के जीवित होने के अंदेशा के चलते फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना से वाधवानी परिवार शोक में डूब गया था। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई शुरु कर दी। मृतक शुरु से ही नेत्रदान की इच्छा रखता था इसलिए परिजनों द्वारा मृतक युवक के नेत्रों का दान करने का साहसिक व भावुक फैसला लिया गया। परिजनों की सहमति के बाद नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.राजेश सूर्यवंशी व उनकी टीम ने युवक के नेत्रों को प्राप्त कर सुरक्षित रखा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंपा। दुख के इस पल में भी परिवार ने मानव कल्याण के लिए मृतक बेटे का नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

### नेत्रदान प्राप्त किया गया : डॉ. सूर्यवंशी

नेत्र चिकित्सक डॉ. राजेश सूर्यवंशी ने मीडिया को बताया कि जिला अस्पताल में रिसाईपारा निवासी सोयम वाधवानी के शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। शव को लाने के बाद उसके परिजनों की इच्छा थी कि उसके नेत्रों का दान किया जाए। जिला अस्पताल में मृतक सोयम वाधवानी का नेत्रदान प्राप्त किया गया है।

एसडीओपी ऑफिस के करीब तीन दुकानों का तोड़ा ताला

# अज्ञात चोरों ने फिर दिखाया कुरुद पुलिस को ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



अज्ञात चोरों ने एक बार फिर कुरुद पुलिस को ठेंगा दिखाने का काम किया है। एसडीओपी ऑफिस से महज कुछ ही दूरी पर सांधा चौक मेन रोड पर तीन दुकानों का ताला तोड़, शटर उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। यह घटना न केवल पुलिस की चौकसी पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि सीधे-सीधे एसडीओपी कार्यालय की नाक के नीचे सुरक्षा पर बड़े प्रश्न चिह्न लगा रही है।

मंगलवार की रात नगर पालिका कुरुद के प्राइम लोकेशन पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवार चोरों ने अमित गुप्ता डेली नीड्स, कमला मेडिकल और पद्यनाथम ट्रेडर्स में सेंधमारी कर नकदी पर हाथ साफ किया। चौंकाने वाली बात यह कि संदिग्ध मोटरसाइकिल 2:43 बजे रात को सीसीटीवी में कैद है। अमित प्रोविजन में 20 हजार रूपये, कमला मेडिकल में 27 हजार रूपये और हार्डवेयर दुकान में 4 हजार रूपये की चोरी हुई है। इस तरह 51 हजार एवं कुछ छोटे बड़े समाने ले गए हैं। सीसीटीवी फुटेज में साफ नज़र आ रहा है कि चार नकाबपोश युवक बड़ी सहजता से दुकानों के शटर तोड़ते हैं अंदर दाखिल होते हैं और कुछ ही मिनटों में हजारों रुपए का सामान लेकर फरार हो जाते हैं।

### पुलिस तंत्र में सतर्कता का अभाव

नगर का यह वह इलाका है जहां न केवल एसडीओपी कार्यालय और पुलिस है, बल्कि अनेक जनप्रतिनिधि भी निवास करते हैं। इसके बावजूद चोरी, यह बताने को काफी है कि अपराधियों में कानून का भय नहीं और पुलिस तंत्र में सतर्कता का अभाव है। स्थानीय व्यापारी और नागरिकों ने कहा कि जब एसडीओपी कार्यालय के साये में दुकानों की सुरक्षा नहीं, तो आम नागरिक की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जाए। इसेलेकर लोगों में नाराजगी और रोष है।

### सभी आरोपी जल्द सलाखों के पीछे होंगे : एसडीओपी

इस संदर्भ में एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने मीडिया से कहा है कि बीती रात हुई चोरी की वारदात को लेकर हमारी टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की शिनाख्ति करने में जुटी हुई है। कुछ क्लू भी उन्हें मिला है जिसके आधार पर वे सभी आरोपियों को जल्द सलाखों के पीछे पहुंचा देंगे।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

### स्टार प्लस के लोकप्रिय धारावाहिक झनक में निभा रहे महत्वपूर्ण किरदार

# छोटे पर्दे पर धमाल मचा रहा नगर का प्रियांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कहते हैं कि मेहनत और लगन मुकाम दिलाने में मददगार साबित होते हैं जो अक्षरशः सच साबित होते दिखाई दे रहे हैं। कुरूद नगर के युवा कलाकार प्रियांशु सोनी ने टेलीविजन जगत में एक मजबूत कदम रखा है, जिसने पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। स्टार प्लस के लोकप्रिय धारावाहिक झनक में प्रियांशु अपनी प्रभावी भूमिका और सहज अभिनय से छोटे पर्दे पर धमाल मचा रहा है।

प्रियांशु सोनी धारावाहिक झनक में एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक रूप से जटिल किरदार निभा रहे हैं। यह धारावाहिक संघर्ष, सपनों और सामाजिक चुनौतियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें प्रियांशु का पात्र कहानी में एक नई ऊर्जा और भावनात्मक मजबूती का



संचार कर रहा है। प्रियांशु के परिजन और क्षेत्रवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें हमेशा से विश्वास था कि एक दिन अपनी एक अलग और बड़ी पहचान बनाएगा।

## 22 साल की उम्र में तय किया बड़ा मुकाम

प्रियांशु के पिता ऋषि सोनी ने बताया कि उनमें बचपन से ही कलाकार परिलक्षित होते दिखाई दिए थे। 12 वीं की पढ़ाई कुरुद में करने के दौरान स्कूल में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में वे भाग लेते रहे है। रायपुर के दिशा कॉलेज में बीबीए करने के बाद 8 माह पुणे में पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कोर्स किया जिसके बाद वे मुंबई चले गए जहां वे असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में तीन महीने काम किया। उनके कार्य और उनके अंदर छिपी कला से प्रभावित होकर स्टार प्लस के झनक धारावाहिक के डायरेक्टर ने उन्हें बड़ा किरदार निभाने का अवसर दिया। महज 22 साल की उम्र में ही उनके बेटे को यह मुकाम मिलने पर वे सभी प्रफुल्लित हैं।

## छोटे शहर से निकलकर मायानगरी में बनाई जगह

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं केवल लोक कला के मंच तक सीमित नहीं हैं। वे देश के सबसे बड़े मनोरंजन मंचों पर भी अपनी चमक बिखेर रही हैं। प्रियांशु के लिए कुरूद जैसे शांत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध छोटे शहर से निकलकर मुंबई की विशाल और प्रतिस्पर्धी मायानगरी में अपनी जगह बनाना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने दृढ़ संकल्प, अथक मेहनत और अपनी प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी यह सफलता छत्तीसगढ़ के उन तमाम युवाओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है जो बड़े सपने देखते हैं। मंच कहीं भी हो, आपकी पहचान केवल आपकी मेहनत और प्रतिभा ही तय करती है।

# मोटर स्टैंड वार्ड में नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

- महापौर रामू रोहरा बोले : विकास के हर कदम पर जनता की भागीदारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर के मोटर स्टैंड वार्ड क्रमांक 29 में बालक चौक से जगन्नाथ मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों की निरंतर श्रृंखला जारी है। हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण मिले। किसी भी वार्ड को विकास से वंचित नहीं रहने दिया



जाएगा। महापौर ने आगे कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता के लिए जनसहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद राकेश चंदवानी, सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, पिंटू यादव, विभा चंद्राकर, अज्जु देशलहरे, कुलेश सोनी, चंद्रभागा साहू, अनिता अग्रवाल, पारस जैन, संतोष तेजवानी, अशोक वाधवानी, हुकुमचंद जैन, मोहन राठौर, चंदूलाल सिन्हा, योगेश गांधी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# सेवा भावना ही व्यक्तित्व निर्माण का आधार : रंजना



- सारंगपुरी में सात दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सारंगपुरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू शामिल हुईं। शिविर में विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, ग्राम सौंदर्यीकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और साक्षरता अभियान जैसी विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी में सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व की भावना का विकास करना है, जब युवा समाज के लिए कुछ करते हैं, तब उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और व्यक्तित्व का निर्माण स्वतः होता है। सेवा भावना ही व्यक्तित्व निर्माण का सबसे सशक्त आधार है। आज युवाओं को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील बनना भी जरूरी है।

कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शेष नारायण गजेन्द्र सरपंच रामकुमार यादव, दर्री सरपंच हिमांशु शेखर साहू, पंचुराम साहू ग्राम पटेल, गंगाराम साहू, प्रेमू चंद्रवंशी परसुली सरपंच, निरंजन साहू, प्रीतम सोनकर, नारायण ढीमर, रोशन साहू, जीवनलाल साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### जीजामगांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह जारी

# भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो : पं. मिश्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

मलघाटी परिवार द्वारा ग्राम जीजामगांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह का आयोजन 9 से 17 नवंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक पं. संतोष मिश्रा ने कहा कि भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। भागवत कथा सही मार्ग दिखाती है। भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो। भगवान ने प्रहलाद के लिए अवतार लेकर हिरण्कश्यप का वध किया था। यदि भक्ति सच्ची हो तो ईश्वरीय शक्ति अवश्य सहायता करती है। भागवत कथा सुनना और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा अपने भक्त को पाना चाहते हैं। भक्त प्रहलाद चरित्र और पृथु चरित्र की कथा सुनाई। आगे कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें। गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। मनुष्य को दिखावा नहीं कर भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए। आगे कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते हैं तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है और बताता है कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता कुमार्गगामी और दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए। प्रह्लाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया और पिता को भी उसकी ओर आने के लिए प्रेरित किया लेकिन राक्षस प्रवृत्ति के होने के चलते हिरण्यकश्यप प्रहलाद की बात को नहीं मानता। ऐसे में भगवान नरसिंह ने उसका संहार किया। उसके बाद भी प्रह्लाद ने अपने पुत्र धर्म का निर्वहन किया और अपने पिता की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# कन्या शाला की छात्राओं ने रिटेल-सेल्स का लिया प्रशिक्षण



- रैकिंग तकनीक और बिलिंग प्रक्रिया की बारीकियों को समझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरुद की व्यावसायिक शिक्षा शाखा के तहत रिटेल ट्रेड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्राओं ने हाल ही में औद्योगिक भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्राओं ने कुरुद स्थित श्री मेगा मार्ट का दौरा किया, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राएं शामिल रहीं।

व्यावसायिक प्रशिक्षक रमाकांत सिन्हा ने बताया कि नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत प्रत्येक सत्र में कम से कम दो औद्योगिक भ्रमण आयोजित किए जाते हैं। इसका उद्देश्य छात्राओं को उनके अध्ययन से संबंधित कार्यस्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव दिलाना, तकनीकी जानकारी प्रदान करना और भविष्य में स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षक बोधनारायन साहू एवं दिनेश साहू ने छात्राओं को उत्पाद की गुणवत्ता, लेबलिंग, पैकेजिंग, रिटेल प्रबंधन, उत्पाद प्रदर्शन (रैकिंग तकनीक) और बिलिंग प्रक्रिया की बारीकियों से परिचित कराया। उन्होंने ग्राहकों को ब्रांड चयन में मार्गदर्शन देने की तकनीक भी सिखाई। संस्था के एलएन चंद्राकर, फलेंद्र ध्रुव ने भ्रमण के आयोजन में सहयोग करते हुए छात्राओं को रिटेल सेक्टर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस अवसर पर प्राचार्य डीपी देवांगन एवं स्कूली छात्राएं उपस्थित थीं।

# 63 स्काउट-गाइड प्रतिभागियों को मिला राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण-पत्र

- गुदगुदा में जोनस्तरीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ के तत्वावधान में आयोजित शाउमावि गुदगुदा में जोन स्तरीय तीन दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच सोनम साहू रही। अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष एवनलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष भीमराम साहू, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, संकुल प्राचार्य टेकराम सोनकर तथा संकुल समन्वयक मनोज नेताम थे।

इस दौरान शिविर संचालक दुर्गेश द्विवेदी ने बताया कि राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार में विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता के लिए बीईओ सीके साहू के निर्देशानुसार जोनस्तरीय तीन दिवसीय द्वितीय सोपान के इस प्रशिक्षण में गुदगुदा जोन से 63 स्काउट-गाइड



प्रतिभागियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण को पूर्ण कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है। सरपंच सोनम साहू ने प्रतिभागी, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा ने स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल की जीवनी, स्काउट गाइड के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शाउमावि गुदगुदा के राज्यपाल उत्तीर्ण स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं को राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र संस्था प्रमुख टेकराम सोनकर ने प्रदान किया। आभार प्रदर्शन सहायक शिविर संचालक वीणा खत्री ने किया। इस दौरान बीईओ सीके साहू ने विद्यार्थियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया।

शिविर के तृतीय दिवस संचालक मंडल दुर्गेश द्विवेदी, वीणा खत्री, फयूना बंजारे, जितेन्द्र सुधाकर, रेशमा मुदलियार की टीम ने स्काउट-गाइड प्रतिभागियों को अनुमान लगाना, सिग्नलिंग, हाईकिंग, एसटीए, खोज के चिन्ह और हस्तकला, लॉग बुक बनाना, पायनियरिंग प्रोजेक्ट एवं अन्य बारीकियों से अवगत कराया। स्काउट-गाइड के स्थानीय संघ अध्यक्ष मनीष साहू, उपाध्यक्षगण राजेश पाण्डेय, वीणा खत्री, अरूणा नेताम, मिथिलेश सिन्हा, मंजुलता साहू, ब्लॉक सचिव ऐशकुमार साहू ने हर्ष जताया है।

# शिविर में बच्चों ने सीखा आदर्श नागरिक बनने का गुण



- मुख्य अतिथि जिला स्काउट आयुक्त चेतन हिंदूजा ने बच्चों को सीखे गए गुणों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ धमतरी के तत्वावधान में तीन दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एकलव्य खेल परिसर धमतरी में किया गया। इस दौरान बच्चों को स्काउटिंग के विभिन्न विषयों जैसे ध्वजारोहण, व्यायाम, योग, गांठें बनाना, दिशा ज्ञान, कंपास मैपिंग, जंगल में आत्मनिर्भरता, बिना बर्तन भोजन बनाना, प्राथमिक उपचार और अनुशासन की उपयोगी जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि जिला स्काउट आयुक्त चेतन हिंदूजा ने बच्चों को स्काउट-गाइड के प्रति निष्ठावान रहने और सीखे गए गुणों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष स्थानीय संघ धमतरी ने की। वरिष्ठ काउंटर भरतलाल साहू ने स्काउटिंग के महत्व और राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कार की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समापन सत्र का संचालन डॉ. कमलेश तिवारी और आभार प्रदर्शन देवेंद्र मंडावी ने किया।

# हर ग्राम पंचायत में श्रमिक नियोजन बढ़ाने पर दिया जोर

- जनपद सीईओ ने मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा कर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जनपद पंचायत नगरी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा की अध्यक्षता में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की मासिक समीक्षा बैठक जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा कार्यों की प्रगति, आवास निर्माण की स्थिति एवं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सीईओ बोरझा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में श्रमिक नियोजन बढ़ाने और मानव दिवस सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही ई-केवाईसी कार्य शत-





प्रतिशत पूर्ण करने तथा समस्याग्रस्त प्रकरणों की प्रमाणित सूची शीघ्र प्रेषित करने तथा युक्तधारा लेबर बजट 2026-27 की कार्ययोजना 15 नवम्बर तक तकनीकी सहायक के माध्यम से जमा करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवीन स्वीकृत 4867 आवासों का मनरेगा एमआर शीघ्र जारी करने, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के अपूर्ण 1387 कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश तथा उनकी समीक्षा की गई।

बैठक में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा आयुष झा, आवास प्रभारी सूर्यकांत गौर, आवास ब्लॉक टीम, तकनीकी सहायक, 102 ग्राम रोजगार सहायक सहित बीएफटी सदस्य उपस्थित थे।

### ग्राम मंदरौद में आयोजित हुआ 8 दिवसीय ड्यूज बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

# 16 चुनिंदा टीमों ने लिया हिस्सा, रायपुर ने जीता फाइनल मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

खेलगांव के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहे ग्राम मंदरौद के खूबसूरत शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आठ दिवसीय राज्यस्तरीय ड्यूज बाल क्रिकेट टूर्नामेट का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश की चुनिंदा 16 टीमों रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा, दल्लीराजहरा, कांकेर ने अपना जलवा बिखेरा। फाइनल मैच रियल रायपुर और स्थानीय मंदरौद की टीम के बीच खेला गया।

फ़ाइनल मैच में मंदरौद किकेट एकेडमी ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फ़ैसला लिया और रियल रायपुर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। रियल रायपुर की ओर से रवि फरिकर ने 33 गेंद में 48 रन, शशांक तिवारी ने 25 रन की पारी खेली। मंदरौद की टीम 18 ओवर में 131 रन बनाकर आल आउट हो गई और यह मैच रियल रायपुर की टीम 22 रनों से जीतकर विजेता बनी।

समापन समारोह के मुख्यतिथि कुरूद नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं युकांध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि




मंदरौद क्रिकेट एसोसिएशन के मुखिया क्रिकेट खिलाड़ी छोटे मोहन साहू और उनकी युवा टीम द्वारा अपनी युवा शक्ति के दम पर बिना किसी राजनीतिक संरक्षण के सहयोग के बिना इस बार खूबसूरत ग्राउंड और टर्फ विकेट में छग का बेस्ट व्हाइट ड्यूस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। मंदरौद धमतरी जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में एक आदर्श खेल गांव के रूप अपनी अलग पहचान बना रहा है। मैं चाहता हूं कि यहां एक क्रिकेट की एक अच्छी अकादमी खुले जिससे ग्रामीण क्षेत्र के नए जनरेशन को और खासतौर से लड़कियों को भी क्रिकेट में आगे बढ़ने का मौका मिले। उन्हें अपने हुनर को निखारने का मंच मिले। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अतिथि जिला खेल अधिकारी जेपी देव ने ऐसे आयोजन के लिए खेल विभाग से भरपूर सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी संजय ध्रुव ने कहा कि खिलाड़ी अनुशासन के साथ आगे बढ़े तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच भीखम लहरे, युवा कांग्रेस विधानसभा सचिव युवराज साहू, युवा खिलाड़ी विष्णु निर्मलकर, पूर्व जनपद सदस्य थानु राम साहू, उपसरपंच पुरूषोतम निषाद, आयोजन समिति के संयोजक मोहन साहू, किशन सोनकर, अरूण साहू, कल्याण पटेल, ओमप्रकाश पटेल, युवराज साहू, ओमनारायण पटेल मौजूद थे।

# रायल्टी की राशि दो साल से नहीं मिली

- मुरा के ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम ग्राम पंचायत मुरा को भारत माला परियोजना अंतर्गत मुरूम खुदाई की रायल्टी की राशि दो साल से नहीं मिली है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत मुरा में शालीमार प्राइवेट कंपनी द्वारा गौण खनिज विभाग द्वारा 22 दिसंबर 2023 को मुरुम परिवहन के लिए 50000 घनमीटर मुरुम की गई खुदाई हेतु आदेश हुआ। इसका ग्रामवासियों ने विरोध किया है। कंपनी के कॉन्ट्रेक्टर पर आरोप है कि उन्होंने नियम को दरकिनार कर लगभग 137 हाइवा



मुरुम की खुदाई की। ग्रामवासियों ने गौण खनिज विभाग से लिखित शिकायत की है, लेकिन अभी तक रॉयल्टी की राशि नहीं मिली है। कंपनी के इंचार्ज और कॉन्ट्रेक्टर से भी बात की गई। ग्राम विकास समिति और पंचायत पदाधिकारियों ने इस समस्या का निराकरण करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर रॉयल्टी की राशि नहीं मिली तो ग्रामवासी गौण खनिज विभाग और कंपनी के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### विहिप, बजरंग दल ने दिल्ली में कार विस्फोट की निंदा की



**धमतरी।** राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के समीप 10 नवम्बर को हुए भीषण आतंकी कार विस्फोट की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले की तीखी निंदा करते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन ने कहा कि यह हमला केवल दिल्ली पर नहीं, बल्कि भारत माता के हृदय पर किया गया वार है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल हिंसा के विरोधी हैं, परंतु अन्याय के मौन दर्शक नहीं। संस्था ने मांग की कि निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वाले आतंकियों को कठोर दंड दिया जाए और समाज के हर व्यक्ति में राष्ट्रभक्ति व सतर्कता का संस्कार जागृत किया जाए।

### दिल्ली ब्लास्ट में जान गंवाने वालों को दी गई श्रद्धांजलि

**भानुप्रतापपुर।** भाजपा युवा मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा 11 नवंबर को शाम 6 बजें मुख्य चौक पर दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि देने के दौरान रत्नेश सिंह, नरोत्तम सिंह चौहान, राजीव श्रीवास, अनंत गोपाल कोठारी, प्रदीप जैन, आकाश सोलंकी, गौरव नसीने, लक्ष्मण कुलदीप, गणेश पटेल, गौरव शर्मा, अभिषेक ठाकुर, हितेश मानिकपुरी, प्रेम शर्मा, मयंक साहू, कनक राजपुत, बिट्टू यादव युवा मोर्चा तथा नगर के नागरिक एवं व्यापारी उपस्थित रहें।

### बाइक पत्थर से टकराई हुई चालक की मौत

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत पीव्ही 62 निवासी अनिल मंडल का सड़क दुर्घटना में मौत होने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में पाया गया कि मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 6065 में सवार होकर अनिल मंडल अपने घर की ओर रहा था। इसी दौरान रास्ते में रोड किनारे पत्थर से टकरा जाने से गंभीर चोट आया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 11 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी अनिल के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जहर सेवन से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में धमतरी जिला के कोरेगांव निवासी 38 वर्षीय मिलऊराम नागवंशी को इलाज के लिए भर्ती किया गया। इलाज के दौरान युवक का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दो शराब कोचिया को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी पीव्ही 33 निवासी 47 प्रकाश विश्वास शराब पीने के लिए 11 नवंबर को शाम करीबन 6 बजें अन्य लोगो को शराब पीने की सुविधा दे रहा था। मौके पर आरोपी के कब्जे से 200 एमएल महुआ शराब और दो नग डिस्पोजल को जप्त किया गया। वही दूसरी कार्यवाही में नया बाजार पखांजुर निवासी 48 वर्षीय अनिता नेताम 11 नवंबर को नया बाजार के पास लोगो शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। आरोपी के कब्जे से 3 नग डिस्पोजल और खुला मिक्चर को जप्त किया। दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

अब तक 8 खसरा भूमि को विभाग के नाम किया गया, बाकी का काम 2 से 3 माह में पूर्ण होगा

# नगरी में सिंचाई विभाग की जमीन के दुरुस्तीकरण का कार्य जोरों पर

## नहर किनारे बन रहे विवादित भवनों के निर्माण पर लगी रोक, डायवर्सन और एनओसी पर भी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



चुरियारा माइनर में तीन दशक से अधिक समय से लंबित नहर निर्माण से संबंधित भूमि दुरुस्तीकरण प्रक्रिया जारी है । सिंचाई विभाग ने नगरी क्षेत्र में अधिग्रहित की गई जमीन को अपने नाम दर्ज कराने की कार्रवाई तेज कर दी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब तक 8 खसरों की भूमि का नामांतरण पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष भूमि का कार्य अगले दो से तीन महीनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। 1991-92 में नहर निर्माण के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, परंतु विभाग के नाम दर्ज न होने से कई वर्षों तक यह भूमि विवादों में उलझी रही। अब प्रशासन द्वारा विशेष पहल करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता में शामिल किया गया है।


प्रशासन द्वारा नहर किनारे हो रहे सभी विवादित निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगा दी गई है। तहसील प्रशासन और नगरी नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर कई स्थलों पर अवैध निर्माण, खरीदी-बिक्री और डायवर्सन पर रोक लगाने की कार्रवाई की है। अधिकारियों का कहना है कि सिंचाई विभाग की परियोजनाओं से जुड़ी भूमि अब पूरी तरह सुरक्षित रखी जाएगी, ताकि भविष्य में जलसंवर्धन और सिंचाई कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जब तक भूमि का नामांतरण प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक संबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री, निर्माण या डायवर्सन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण का कार्य लगातार जारी

प्रभारी तहसीलदार दुर्गेश तंवर ने जानकारी दी कि अब तक कुल 8 खसरा नंबरों का रिकॉर्ड दुरुस्त कर दिया गया है, जबकि शेष खसरों के रिकॉर्ड का दुरुस्तीकरण कार्य लगातार प्रगति पर है। इसके लिए पटवारी सहित अन्य राजस्व अमले को आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। आने वाले 2 से 3 माह में कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा।

### पटवारी रिपोर्ट और अन्य शासकीय अनुमति के आधार पर होगी कार्रवाई

मुख्य नगरपालिका अधिकारी यशवंत वर्मा ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा दो नोटिस जारी किए जाने के बाद विनय नारंग ने निर्माण हेतु एनओसी की मांग की थी। इस पर पटवारी हल्का नम्बर 23 से पत्र लिखकर भूमि सम्बन्ध में रिपोर्ट मांगी गई है और रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अन्य शासकीय विभागों से भी एनओसी प्रस्तुत करने के लिए आवेदक नारंग को कहा जाएगा। संबंधित सभी विभागीय एनओसी और पटवारी रिपोर्ट के आधार पर ही उचित निर्णय लिया जाएगा।



#### विवादित और आपत्ति लगी भूमि का नहीं होगा डायवर्सन

एसडीएम प्रीति दुर्गम ने कहा कि नगरी क्षेत्र की विवादित एवं आपत्ति लगी भूमि पर किसी भी स्थिति में डायवर्सन की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी मामलों की गहन जांच के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।



दुर्गेश तंवर



यशवंत वर्मा



बलजीत छाबड़ा



गोलू मंडावी

### विवादित जमीनों पर नहीं दी जाएगी एनओसी

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के भीतर किसी भी विवादित भूमि पर एनओसी जारी नहीं की जाएगी। धमतरी मार्ग पर विनय नारंग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को रोक दिया गया है और मामले की पूरी जांच जारी है। इस संबंध में श्री नारंग से पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया।

### प्रशासन का मिल रहा सहयोग

ज्ञात हो कि इस मामले को आदिवासी नेता जितेंद्र मंडावी ने सबसे पहले उठाया था। उनकी मांग पर ही यह कार्रवाई शुरू हुई। श्री मंडावी ने विश्वास जताया कि प्रशासन के निरंतर सहयोग से आने वाले दो से तीन माह में यह भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

---

## एनएसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम : डॉ. जायसवाल





- ईर्रा में सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम ईर्रा तहसील भखारा में किया गया। शिविर की थीम "सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा" *रही।* कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के दिशानिर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम ईर्रा के सरपंच सूर्यकान्त साहू रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का विकास करती है तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ज्योति साहू ने की और युवाओं को समाज परिवर्तन का वास्तविक आधार बताते हुए उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। साहू समाज अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार साहू ने भी अपने विचार रखते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अधिकारी ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जनजागरण, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता प्रसार एवं ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियां आयोजित होंगी।

### कन्या शाला में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनी

**कुरूद।** शासकीय कन्या उमा विद्यालय कुरूद में भारत मां की वंदना एवं स्वंतत्रता संग्राम के अमर गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम सामूहिक गायन के साथ हुआ।

---

## शिविर में रक्तचाप के 35, शुगर के 22 मरीज मिले





- डूमरपाली में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड डॉ. शारदा ठाकुर के दिशा- निर्देश पर ग्राम पंचायत डूमरपाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर धौराभाठा के स्वास्थ्य दल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती तिलोत्तमा साहू ने किया।

इस शिविर में कुल 110 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। 2 वय वंदन कार्ड, 12 आयुष्मान कार्ड एवं 15 लोगों की आभा आईडी बनाई गई। जांच के दौरान रक्तचाप के 35, शुगर के 22 मरीज पाए गए जिनका समुचित इलाज किया गया। 55 लोगों का ब्लड टेस्ट किया गया, जिसमें 15 व्यक्ति रक्त अल्पता से ग्रसित पाए गए, जिनका इलाज किया गया। इस अवसर पर 42 लोगों की नेत्र जांच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा के सेक्टर प्रभारी हुनेंद्र साहू ने मौसमी बीमारियों से बचाव, संतुलित पोषण आहार लेने की सलाह दी। स्वस्थ दिनचर्या अपनाने, सप्ताह में प्रतिदिन 20 मिनट योग एवं व्यायाम करने का परामर्श दिया जिससे संचारी एवं गैर संचारी रोग से बचाव हो व शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी डीके साहू ने वर्तमान में धान कटाई से आंखों के बचाव एवं मोतियाबिंद, अन्य नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रितेश साहू ने गैरसंचारी रोग बीपी, शुगर, कैंसर व मानसिक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक सलाह दी। सेक्टर सुपरवाइजर दिनेश नागरची ने गर्भवती माता के नियमित जांच व बच्चों को पोषक आहार और नियमित टीकाकरण की विस्तृत जानकारी दी।

इस आयोजन में जनपद सदस्य तिलोत्तमा साहू, सरपंच डूमरपाली पुष्पा देवदास, पंचायत सचिव उमेंद्र साहू, हुनेंद्र साहू ग्रामीण चिकित्सा सहायक, डीके साहू नेत्र सहायक चिकित्सा अधिकारी, दिनेश नागरची सेक्टर सुपरवाइजर, लेब टेक्निशियन श्री गार्गी, शंकर सेन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रितेश साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक चंद्रहास साहू, सावित्री नामदेव, खूबलाल साहू, मितानिन नारायणी साहू एवं रेवती पटेल का विशेष सहयोग रहा।

## धान खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन शुरू

- टोकन तुंहर एप डाउनलोड कर टोकन हासिल कर सकेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने से पहले खाद्य विभाग ने धान खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही 15 नवंबर से खरीदी शुरू करने की तैयारी करते सरकार ने टोकन तुंहर ऐप लांच कर दिया है। इसके माध्यम से किसान अपना धान बेचने के लिए टोकन हासिल कर सकते हैं। राज्य में किसानों से धान खरीदी शुरू करने के सिलसिले में खाद्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है। बताया गया है कि 9 नवंबर से शुरू होने वाले इस तकनीकी काम के लिए खाद्य अफसरों ने अपने अपने क्षेत्र में ट्रायल रन किया है।




### किसान ऐसे हासिल करें ऑनलाइन टोकन

पंजीकृत किसानों को धान खरीदी के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए टोकन तुंहर एंड्रॉइड ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप की सहायता से प्रत्येक किसान अपने संबंधित उपार्जन केंद्र में, स्वयं द्वारा निर्धारित तिथि पर धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त कर सकता है।

### गूगल प्ले स्टोर से ऐप करे डाउनलोड

इस ऐप के माध्यम से किसान को समिति द्वारा दर्ज उसकी जानकारी, भूमि विवरण, बैंक खाता, टोकन तथा धान खरीदी से संबंधित सभी नवीनतम जानकारियां उपलब्ध होंगी। आप 'टोकन तुंहर' एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इस ऐप का उपयोग करने के लिए किसानों को समिति के पंजीयन क्रमांक के आधार पर पंजीयन अनिवार्य है। ऐप को पहली बार रन करने पर पंजीकरण पृष्ठ प्रदर्शित होगा।

### छोटे किसानों को 2, बड़ों को मिलेंगे 3 टोकन

धान खरीदी के संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण निर्देश में कई अहम बिंदु शामिल हैं। यदि कृषक द्वारा अंतिम टोकन में प्रविष्ट की गई धान की मात्रा उपार्जन केंद्र में निर्धारित खरीदी लिमिट से अधिक होती है, तो उस स्थिति में उक्त उपार्जन केंद्र में खरीदी लिमिट के 30 प्रतिशत तक का अधिक का उपार्जन किया जा सकेगा। सीमांत कृषक (2.5) एकड़ एवं लघु कृषक (2.5 से 5) एकड़ का अधिकतम 2 टोकन एवं दीर्घ कृषक (5) एकड़ का अधिकतम 3 टोकन बनाने की अनुमति है जिसमें निरस्त किये गये टोकन भी शामिल होंगे।

---

## हिंदू जागरण मंच ने आतंकियों का पुतला फूंका



**धमतरी।** हिंदू जागरण मंच ने मंगलवार को लाल किला के पास हुए आतंकी हमले को लेकर घड़ी चौक में आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। हमले में दिवगंत आत्माओं के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, प्रवीण साहू, जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद, सहसंयोजक डाकेश्वर साहू ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला बेहद कायरता पूर्ण और निंदनीय है। दिल्ली लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार को कार सवार आतंकियों ने देश को नुकसान पहुंचाने के लिए बम ब्लास्ट कर 10 से भी अधिक निर्दोष लोगों की जान ली है। भारत की जनता और सेना इस हमले को बर्दाश्त नहीं करेगी और इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, सनत साहू, सत्यम सिन्हा, अनिमेष सिंह राजपूत, पीयूष पारख, शुभम केशवानी, शिवांश पटवा ,पुषांक साहू, संस्कार साहू, गजेन्द्र साहू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भोथली मंडल में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारतीय जनता पार्टी के भोथली मंडल में रविवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया और उसके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

श्रीमती साहू ने कहा कि सटीक और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है। कार्यकर्ताओं को इस कार्य को केवल संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के संकल्प के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़े जाएं, वहीं मृतक, स्थानांतरित या दोहराव वाले नाम सावधानीपूर्वक हटाए जाएं।

रंजना साहू ने कहा कि हमारा एक-एक प्रयास आने वाले चुनावों में पार्टी की मजबूती और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लगन, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

कार्यशाला में भाजपा जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बीएलए और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल ने किया।

---

हसदा में आयोजित हुआ स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण शिविर

## शिविर में बच्चों ने सीखा बिना बर्तन के भोजन बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ मगरलोड के तत्वावधान में द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर हसदा में आयोजित किया गया, जिसमें मगरलोड विकासखंड से 72 स्काउट्स तथा 119 गाइड्स और 14 प्रशिक्षक स्काउटर गाइडर ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

शिविर का समापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव के मार्गदर्शन में ब्लॉक सचिव मानसिंह कपूर के नेतृत्व में 7 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा नं 1 के प्रांगण में हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य डीएस नाग ने की। अन्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि कांशीराम साहू, उपसरपंच भूषणलाल यादव तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष दुर्गेश यादव थे।

5 दिवसीय शिविर में बच्चों को स्काउट गाइड के गणवेश, प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउट आंदोलन, लेंसिंग नाटिंग, बीपी सिक्स, बिना बर्तन के भोजन बनाना, प्राथमिक चिकित्सा के साथ विभिन्न पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई।

10 नवंबर की शाम को महाशिविर ज्वाल का आयोजन विकासखण्ड शिक्षाधिकारी की अध्यक्षता तथा राजेश साहू सभापति जपं मगरलोड के मुख्यातिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि ईश्वरी कांशीराम साहू सरपंच, होरीलाल साहू पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, डॉ दुर्गेश यादव एसएमसी अध्यक्ष, डायमंड नाग प्राचार्य, योगेश्वर यादव, श्रीमती रुक्मणि साहू पंच, श्रीमती तारा साहू पूर्व सरपंच थे।

11 नवंबर को सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। मौके पर शिविर संचालक योगेंद्र साहू, मुख्य परीक्षक जयराम करण साहू के साथ स्काउटर प्रशिक्षक गणेश्वर साहू, टिकेश्वर प्रसाद पांडे, अमित कंवर, गणपत साहू, दौलत देवांगन, टिकेश्वर यादव, सत्यवान निषाद तथा गाइड प्रशिक्षक अनीता गौर, रीना सोनी, उर्मिला ध्रुव, राधिका नेताम, रूपेश्वरी साहू मौजूद थे।

## सतनामी समाज के खिलाफ अपमानजनक बयान, कार्रवाई की मांग



**धमतरी।** एक कथावाचक द्वारा सतनामी समाज के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर युवा सतनामी समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रदेश युवा प्रमुख कोमल संभाकर ने कहा कि एक कथावाचक ने समाज के लोगों को मूर्ख और गाय काटने से संबंधित अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया है, जिससे समाज की धार्मिक भावना, सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुंची है। समाज की आस्था और प्रतिष्ठा पर प्रहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान धनेश्वर नवरंगे, देव कुर्रे, हेमंत कुर्रे, राजा बंजारे, लक्की, टुपेंद्र सहित समाज के कई युवा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सुबह 9 बजे के बाद हो स्कूल का संचालन : मोटवानी

**धमतरी।** बीते दिनों आए समुद्री तूफान मोंथा के कारण क्षेत्र का



- ठंड बढ़ने से बच्चों की सेहत पर पड़ रहा विपरीत असर

तापमान निरंतर नीचे गिरते जा रहा है जिससे ठिठुरन वाली ठंड पड़ने लगी है। सुबह स्कूल जाने बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पार्षद विजय मोटवानी ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से स्कूल का संचालन सुबह 9 बजे के बाद करने का आग्रह किया। श्री मोटवानी ने आगे कहा कि आगामी दिनों में शीतलहर चलने बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए उचित निर्णय लिया जाना चाहिए।

### वरिष्ठ पत्रकार छाबड़ा को मिलेगा डॉ. अम्बेडकर पत्रकारिता अवार्ड

**धमतरी।** भारतीय संविधान दिवस के 76वें वर्ष और राज्य स्थापना



दिवस के रजत जयंती वर्ष पर रायपुर में 26 नवम्बर को आयोजित प्रादेशिक प्रबोधन, काव्य गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार रंजीत छाबड़ा को इस वर्ष का सर्वोच्च सम्मान बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर पत्रकारिता अवार्ड 2025 प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा दिया जाएगा। ज्ञात हो कि श्री छाबड़ा पिछले चार दशक से पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाज के प्रति जिम्मेदारी और निष्पक्षता का परिचय दे रहे हैं। उन्हें शॉल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं 5,000 की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। समारोह रायपुर के वृंदावन हॉल, सिविल लाइन में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के कवि, साहित्यकार, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### भारी भरकम बिजली बिल से मिली मुक्ति

**दंतेवाड़ा।** नगर की जीएडी कॉलोनी में रहने वाली गृहणी रीता मिश्रा के लिए अपने घर में रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाना एक समझदारी भरा निर्णय रहा। वरना इससे पहले हर महीने आने वाले भारी भरकम बिजली बिलों से उनके घर का बजट गड़बड़ा जाता था। परन्तु सोलर पॉवर प्लांट लग जाने से उनके घर का बिजली बिल जैसे जीरों की श्रेणी में आ गया है। वे मानती है कि इससे उन्हें काफी राहत मिली। वर्तमान में आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप हर घर में इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता सामग्रियों जैसे टीवी, कूलर, फ्रिज, पंखे, इलेक्ट्रिक आयरन, कम्प्यूटर, के चलते बिजली की अधिक खपत होना आम बात हो गई है। इस योजना के लिए हितग्राहियों को राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा न केवल आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है बल्कि इसके जरिये उपभोक्ता अतिरिक्त उत्पादित बिजली को बेचकर अतिरिक्त कमाई भी कर सकेगा।

दर्शन पूजन के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब, भंडारे में हजारों ने पाया प्रसाद

# धूमधाम से मना बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





धर्म नगरी धमतरी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोतवाल बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रीराम मंदिर न्यास एवं भक्तमंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पर्व में सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह भगवान काल भैरव का अभिषेक, पूजन, श्रृंगार और आरती विधि-विधान से किया गया। पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

दोपहर में महा भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शाम को भगवान की महाआरती हुई, जिसमें भक्तों ने दीप प्रज्ज्वलित कर भक्ति भाव से भाग लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में जय भैरव बाबा के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

शास्त्रों के अनुसार काल भैरव भगवान शिव के क्रोध से उत्पन्न हुए हैं। शिवपुराण में वर्णन है कि जब अंधकासुर नामक दैत्य ने शिव पर आक्रमण किया, तब उनके रुधिर से भैरव का जन्म हुआ। एक अन्य कथा के अनुसार जब ब्रह्मा जी ने शिव का अपमान किया, तब शिव के क्रोध से प्रकट महाभैरव ने ब्रह्मा के अहंकार का नाश किया। काल का अर्थ समय और भैरव का अर्थ भय से मुक्त करने वाला होता है। वे समय के स्वामी, रक्षक और अज्ञान व भय को दूर करने वाले देवता माने जाते हैं।

धमतरी स्थित बाबा काल भैरव का मंदिर लगभग 1000 वर्ष पुराना है। यह मंदिर शहर के किले क्षेत्र में स्थित है और इसे धमतरी के कोतवाल के नाम से जाना जाता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार यहां आने वाले सच्चे भक्त की हर मनोकामना पूर्ण होती है। शनिवार और रविवार को बाबा की विशेष पूजा की जाती है।

मंदिर समिति के दिग्विजय सिंह कृदत्त, सूरज तिवारी, अशोक पावर, अभिमन्यु सिन्हा, विक्रांत शर्मा, सुदर्शन गुप्ता, भूरा ग्वाल, आशीष शर्मा, आशुतोष खरे सहित अनेक श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए। जन्मोत्सव पर पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में पहुंचकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की।

# समाज की एकता, संगठन की मजबूती पर दिया जोर



- समाज की प्रगति का आधार एकता और युवा शक्ति है : संभाकर

**धमतरी।** सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ जिला दुर्ग के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक पाटन में हुई जिसमें समाज की एकता, संगठन की मजबूती और आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।

प्रदेश युवा प्रमुख कोमल संभाकर ने कहा कि समाज की प्रगति का आधार उसकी एकता और सक्रिय युवा शक्ति होती है। हम अपने विचारों को एक दिशा में जोड़कर, समाजहित में कार्य करें। सतनाम का संदेश सिर्फ आस्था नहीं, बल्कि जीवन का अनुशासन है, जिसे हमें अपनाना होगा। प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमल कुर्रे ने कहा कि संगठन की मज़बूती युवाओं की जागरूकता और भागीदारी से तय होती है। बैठक में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज की मजबूती के लिए एकजुटता का संकल्प लेते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलकर समाज में सत्य, अहिंसा और समानता की भावना को जीवित रखना ही सच्ची सेवा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अहेंद्र चेलक सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

जिला प्रशासन के सहयोग से इंडोर स्टेडियम में युवाओं को दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

# सेना में भर्ती का सपना होगा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



देश सेवा का जज्बा हर भारतीय युवा के दिल में होता है, पर सीमाओं पर तैनात होकर मातृभूमि की रक्षा करने का अवसर हर किसी को नहीं मिलता। जानकारी के अभाव और उचित प्रशिक्षण न मिल पाने के कारण कई योग्य युवा सेना भर्ती से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए जिला प्रशासन धमतरी ने एक सराहनीय पहल की है। जिला प्रशासन के सहयोग से युवाओं को सेना भर्ती की तैयारी हेतु निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आगामी भर्ती रैलियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

धमतरी के इंडोर स्टेडियम में प्रतिदिन सुबह इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अनुभवी कोच और खेल अधिकारियों की देखरेख में युवाओं को दौड़, लंबी कूद, पुशअप्स, बैलेंस टेस्ट सहित सभी प्रकार की शारीरिक दक्षताओं का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके साथ ही फिटनेस, अनुशासन और मानसिक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पूर्व हवलदार और आर्मी इंस्ट्रक्टर जीवनलाल निषाद, जो 2018 में सेना से सेवानिवृत्त हुए, इस प्रशिक्षण का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले सात वर्षों से प्रतिदिन युवाओं को निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग और लिखित परीक्षा की तैयारी करा रहे हैं। अब तक उनके प्रशिक्षण से 6500 से अधिक युवा देशभर की सैन्य और अर्धसैनिक सेवाओं में पदस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में हर दिन लगभग 150 से 200 युवक प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि रविवार को यह संख्या बढ़कर करीब 1000 प्रतिभागियों तक पहुंच जाती है। श्री निषाद का कहना है कि देशसेवा का सपना तभी साकार हो सकता है, जब तैयारी मजबूत हो।

जिला प्रशासन ने बताया कि यह पहल युवाओं में आत्मविश्वास, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासन की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवा इस प्रशिक्षण से लाभ लेकर सेना भर्ती में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

आगामी 15 नवम्बर से नया रायपुर में प्रादेशिक सेना भर्ती रैली तथा 7 जनवरी से धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इन रैलियों में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन और खेल विभाग तैयारी में जुटे हैं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस प्रशिक्षण का लाभ उठाएं। जिला प्रशासन का यह प्रयास केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को आत्मनिर्भर और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित नागरिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

# हमर महापौर हमर समाधान वॉट्सएप चैट से होगा समस्याओं का जल्द निराकरण

- महापौर रामू रोहरा ने निगम के सभाकक्ष में किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम के सभाकक्ष में महापौर रामू रोहरा ने हमर महापौर हमर समाधान वॉट्सएप चैट का शुभारंभ किया। बैंक के कर्मचारियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि चैट के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए लोग आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने विस्तार से चैट के उपयोग की जानकारी दी।

धमतरी नगर निगम पहला ऐसा नगर निगम है जहां महापौर की सोच के अनुरूप व्हाट्सएप चैट का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि एचडीएफसी बैंक की मदद से विगत तीन माह से इस दिशा में काम किया जा रहा था।

लोग इस चैट के माध्यम से अपनी समस्याओं की शिकायत कर सकते हैं। उनकी समस्याओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण किया जायेगा जो लोग एंड्रॉयड फोन का इस्तेमाल नहीं करते। वे अपने वार्ड पार्षद के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं।

मौके पर आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अभय कुमार, राजीव वर्मा शाखा प्रबंधक, प्रांजल जैन शाखा प्रबंधक, ईजाज खान प्रबंधक, सदानंद पटेल डिजिटल ग्रुप के साथ पार्षद व निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# 154 आदिवासी परिवारों के भूमि विवाद को सुलझाने बनेगी जांच समिति

- छग राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष रखी गई कई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी धमतरी प्रवास पर पहुंचे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन मरई ने आयोग अध्यक्ष के समक्ष 154 आदिवासी परिवारों की भूमि से संबंधित गंभीर मामले को रखा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 एवं शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, आदिवासी समाज की भूमि 5 एकड़ सिंचित अथवा 10 एकड़ असिंचित भूमि से कम होने पर गैर-आदिवासी को विक्रय की अनुमति नहीं दी जा सकती, किंतु तत्कालीन कलेक्टर के निर्देशों का पालन न करते हुए जमीन दलालों की मिलीभगत से 154 परिवारों को भूमिहीन कर दिया गया।

इस पर आयोग अध्यक्ष श्री मंडावी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए समिति गठित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने सचिव पवन नेताम को निर्देशित किया कि इस जांच समिति में आयोग के सदस्य, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष एवं कुछ शासकीय अधिकारियों को शामिल किया जाए, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। इस दौरान अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के पदाधिकारियों ने भी अपनी प्रमुख मांगें रखीं। इनमें 32 प्रतिशत आरक्षण की बहाली, बस्तर एवं अंबिकापुर संभाग में स्थानीय भर्ती में आरक्षण लागू करने तथा संविधान में प्रदत्त आदिवासी अधिकारों का संरक्षण शामिल है। बताया गया कि इस भूमि प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं अन्य एजेंसियों को पूर्व में भी ज्ञापन प्रेषित किया जा चुका है, किंतु संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से समाज में आक्रोश व्याप्त है। इस अवसर पर जीवराखन मरई, हर्ष मरकाम, जयपाल ठाकुर, रामेश्वर मरकाम, भूमिका कोर्राम, शिव नेताम, युवराज मरकाम, दिग्विजय मरकाम, गेवाराम नेताम, दौलत ध्रुव, सिद्धार्थ नेताम सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# मैत्री विहार कॉलोनी में छाया आयोध्या कप का रोमांच

- दूसरे दिन के सभी मैच रहे काफी रोमांचक, खेल प्रेमी उठा रहे क्रिकेट का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




यंग स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में बॉक्स नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मैत्री विहार कॉलोनी में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर खेला जा रहा है। दूसरे दिन के सभी मैच काफी रोमांचक रहे। दिनेश आटो, जितेश चैलेंजर्स, एके वारियर्स और अंतिम मैच आरडी किंग्स, झंकार कंस्ट्रक्शन एंड प्रॉपर्टीज के मैच टाई रहे। इन टीमों ने दूसरे दिन जीत दर्ज की। दूसरे दिन का पहला मुकबला दिनेश आटो विरूद्ध एके वारियर्स के मध्य खेला गया जिसमे दिनेश ऑटो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और एके वारियर्स को पहले बल्लेबाजी न्योता दिया। निर्धारित 7 ओवर में 6 विकेट खोकर 45 रन बनाए। जवाब में दिनेश ऑटो 5.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच धन्नू नागेश रहे। दूसरा मुकबला जितेश चैलेंर्स विरूद्ध किंग्स राइडर के मध्य हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए जितेश चैलेंजर्स की टीम ने 7 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 57 रन बनाए। जवाब में किंग्स राइडर की टीम मात्र 45 रन 5 विकेट खोकर बना पाई। मैन ऑफ द मैच रहे यमन साहू रहे।

तीसरा मैच रॉयल स्ट्राइकर्स विरूद्ध एके वारियर्स के मध्य खेला गया। मैच काफ़ी रोमांचक रहा। पहले रॉयल स्ट्राइकर्स करते हुए निर्धारित 7 ओवर में 40 रन 4 विकेट खोकर बनाए। जवाब में एके वारियर्स ने अंतिम 1 गेंद में 2 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मैन ऑफ़ द मैच हरि यादव रहे। अंतिम अंतिम मुकाबला आरडी किंग्स विरूद्ध झंकार कंस्ट्रक्शन एंड प्रापर्टीज के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरडी किंग्स ने निर्धारित 7 ओवर मे 58 रन 4 विकेट के नुकसान बनाए। जवाब में झंकार कंस्ट्रक्शन एंड प्रॉपर्टीज की टीम 1 विकेट खोकर 58 रन बनाई और मैच टाई हो गया। प्रतियोगिता का पहला मैच टाई रहा। इस मैच मे 2 लोगों को मैन ऑफ द मैच दिया गया। ओडिशा से आये मशहूर डांसिंग अंपायर खिलाड़ियों एवं दर्शकों का मन मोह रहे।

आयोध्या कप के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा के नेतृत्व आयोजित यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच तैयार कर रही है। इस आयोजन में यंग स्टार क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष रघुवीर बघेल की टीम एवं योगेश रायचुरा, महावीर पारख, नकुल शर्मा, रिंकू रजक, गुंजन यादव, जयेश सार्वा विशेष योगदान दे रहे।

# स्काउट गाइड सुनागरिक बनाने में योगदान देता है : साहू



**धमतरी।** भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ धमतरी का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का जोन स्तरीय ग्राम कंडेल में आयोजित हुआ। शिविर में स्काउट 62 गाइड गाइड 69 संचालक मंडल नौ प्रभारी शिक्षक दस व नौ स्कूलों के 131 स्काउट गाइड सम्मिलित हुए। सेजेस प्राचार्य राहुल नेताम, योगेश्वर साहू, स्थानीय संघ सचिव सोहनलाल साहू, एपीसी एनके साहू, जिला उपाध्यक्ष केआर साहू के मार्गदर्शन में मां भारती व बेडेन पावेल के तैलचित्र पर पूजन अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शिविर संचालक डॉ. श्रीमती मंजूषा साहू के मार्गदर्शन में ईश प्रार्थना, झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, सिटी के संकेत, हाथ के इशारे, खोज के चिन्ह, बायां हाथ मिलाना, सैल्यूट, आदर्श वाक्य, बीपी सिक्स, नियम, प्रतिज्ञा, आंदोलन का इतिहास प्रथम, सोपान की गांठें आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविरार्थियों को पेन, कॉपी, रस्सी, दोपहर का नाश्ता, निःशुल्क दिया जा रहा है। शिविरार्थियों को लगभग 20 टोली में विभाजित किया गया। प्रत्येक टोली का नामकरण पशु पक्षी व फूलों के नाम पर रखा गया। प्रशिक्षक मंडल में सहायक संचालक डॉ. गणेश प्रसाद साहू, वीरेंद्र सिन्हा, चोवालाल धीवर, खेमलाल साहू, कमलेश कंवर, कैलाशगिरी गोस्वामी, श्रीमती डोलेश्वरी साहू, श्रीमती उमा ठाकुर, श्रीमती नीतू रानी गुप्ता शामिल हैं।

### अटंग में सीसीरोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**सिर्री।** ग्राम पंचायत अटंग में विधायक निधि से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। 5 लाख 20 हजार की लागत से यह सीसी रोड अमृतपुर के श्मशान घाट रास्ते में 200 मीटर तक बनाया जायेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उर्वशी बांधेकर जनपद सदस्य ने निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मौके पर सरपंच गायत्री चेलक, सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चेलक, ग्रामीण अध्यक्ष भागवतराम साहू, पंचगण भगवंतीन साहू, सियाराम पटेल, बीरसिंग साहू, दिलीप साहू, रुद्रनाथ साहू, सहित अन्य शामिल हुए।

### रंगोली स्पर्धा में प्रेरणा चित्रकला में भीषम अव्वल

**सिर्री।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नारी में प्राचार्य जयंत साहू के मार्गदर्शन में रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। चित्रकला में प्रथम भीषम निषाद, द्वितीय कुष्मिता तथा रंगोली में प्रथम प्रेरणा, द्वितीय तराना रहे।

